# उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड

(उ. प्र. सरकार का उपक्रम)

**U.P. POWER TRANSMISSION CORPORATION LTD.**

(A Govt. of Uttar Pradesh Undertaking)

GSTIN :- 09AAACU8823E1Z9

Office of the
Executive Engineer
Electy. Trans. Division Mau
Power House Colony Nizamuddinpura
Mau - 275101

Mobile
8004914764
E-mail
eeetdmau@upptcl.org

कार्यालय
अधिषासी अभियन्ता
विद्युत पारेषण खण्ड मऊ
पावर हाउस कालोनी नीजामुद्दीनपुरा
मऊ–275101


पत्रांकः– 20 /वि०प्रे०ख०(म)/ दिनांकः– 7.01.2022

सेवा में,

1. विज्ञापन व्यवस्थापक, आज मऊ
2. विज्ञापन व्यवस्थापक, द पायनियर मऊ

विषयः– ई–निविदा सं० 04 से 06 वि०प्रे०ख०(म०)/2021–22 मऊ के प्रकाशन के संबंध में।

महोदय,

1. कृपया संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित दैनिक/सप्ताहिक समाचार पत्र में शीघ्रातिशिघ्र अथवा दिनांक 08.01.2022 के अंक में केवल एक बार तथा कम से कम स्थान में (हिन्दी भाषा के लिये 8–10 प्वाइन्ट में तथा अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्रों के लिए 6–8 प्वाइन्ट में) समाचार पत्र के केवल एक कालम में प्रकाशित करने की व्यवस्था करें। हैडिंग व नीचे का नाम व पता यथा सम्भव एक ही लाइन में रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।
2. विज्ञापन शुक्ल का बीजक तीन प्रतियों में, अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण बाउचर प्रतियों संलग्न करते हुए सत्यापन/भुगतान हेतु विद्युत प्रेषण खण्ड मऊ को प्रेषित करें। बीजक के साथ डी०ए०पी०पी० (भारत सरकार), सुचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा अनुमोदन दरो की प्रति साक्ष्य हेतु अवश्यक लगाई जाय।
3. संलग्न हिन्दी/अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में अंग्रजी भाषा में तथा हिन्दी समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा में किया जाय। हिन्दी समाचार पत्र के लिए संलग्न अंग्रजी भाषा की सामग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाय, जिसके लिए समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाय, अन्यथा बीजक का सत्यापन/भुगतान नही किया जायेगा।
5. प्रत्येक पत्र व्यवहार में इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनांक का उल्लेख अवश्य करें।
6. उपरोक्त निर्धारित तिथि अथवा समय के पश्चात निविदा सूचना/सूचना का प्रकाशन कदापि न किया जाय। निविदा विक्रय/खुलने की तिथि के दो/तीन दिन पूर्व ही प्राप्त हुआ हो तो उसका प्रकाशन न करें और तिथि बढ़ाने हेतु अधोहस्ताक्षरी को वापस कर दें अथवा सम्पर्क करे लें। निर्धारित तिथि के पश्चात् बिना पूर्वानुमान के ऐसे विज्ञापनों को प्रकाशन कदापि न किया जाय।
7. यदि समाचार पत्र के स्तर पर स्वयं ही देर से प्राप्त सूचना/सूचना का प्रकाशन निर्धारित तिथि के बाद किया जाता है तो ऐसे समाचार पत्र के बिलों का सत्यापन/भुगतान नहीं किया जायेगा।
8. यदि आपको सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश के विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत देरं स्वीकार न हो तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
9. विज्ञापन के अन्त में सबसे छोटे टाइप में "राष्ट्रहित में बिजली बचाए" का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश संख्या व दिनांक अवश्यक प्रकाशित करें।
10. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में परिषद/निगम द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है।

संल्गनकः– विज्ञापन सामग्री।

(एस०पी० पाण्डेय)
अधिषासी अभियन्ता

पत्रांकः– /वि०प्रे०ख०(म)/ दिनांकः–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य अभियन्ता (पा०उ०पू०), 132 के०वी० उपकेन्द्र मोहद्दीपुर परिसर, गोरखपुर।
2. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत प्रेषण मंडल, 132 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र अन्धऊ, गाजीपुर।

संल्गनकः– विज्ञापन सामग्री।

(एस०पी० पाण्डेय)
अधिषासी अभियन्ता

# उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड

## ई–निविदा आमंत्रण सूचना

1. ई–निविदा संख्या 04 / वि0प्रे0ख0(म) / 2021–22 विद्युत प्रेषण खण्ड मऊ के अन्तर्गत 132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र सेमरी जमालपुर पर 33 के0वी0 ट्रिपल फीडर का 132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र चुनार से सुरक्षा पूर्वक चढ़ाई, ढुलाई एवं 132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र सेमरी जमालपुर पर उपरोक्त पैनल की उतराई का कार्य ई–निविदा आमन्त्रित की गयी है जिसे http://etender.up.nic.in पर दिनांक 10.01.2022 तक प्रकाशित किया जायेगा। कार्य पूर्ण करने की अवधि 3 माह है सन्दर्भित निविदा हेतु धरोहर धनराशि रू0 1000.00 है। आनलाईन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांक 25.02.2022 है। (16:00 बजे तक)

2. ई–निविदा संख्या 05 / वि0प्रे0ख0(म) / 2021–22 विद्युत प्रेषण खण्ड मऊ के अन्तर्गत 132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र मऊ न्यू पर स्टोर रूम में उपकरणों एवं सामाग्रीयों को व्यवस्थित ढंग से गिनती, साफ–सफाई, रख–रखाव, पृथक्करण एवं स्टैकिंग आदि के कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे http://etender.up.nic.in पर दिनांक 10.01.2022 तक प्रकाशित किया जायेगा। कार्य पूर्ण करने की अवधि 3 माह है। सन्दर्भित निविदा हेतु धरोहर धनराशि रू0 1000.00 है। आनलाईन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांक 25.02.2022 है। (16:00 बजे तक)

3. ई–निविदा संख्या 06 / वि0प्रे0ख0(म) / 2021–22 विद्युत प्रेषण खण्ड मऊ के अन्तर्गत 132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र दोहरीघाट पर स्टोर रूम में उपकरणों एवं सामाग्रीयों को व्यवस्थित ढंग से गिनती, साफ–सफाई, रख–रखाव, पृथक्करण एवं स्टैकिंग आदि के कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे http://etender.up.nic.in पर दिनांक 10.01.2022 तक प्रकाशित किया जायेगा। कार्य पूर्ण करने की अवधि 3 माह है। सन्दर्भित निविदा हेतु धरोहर धनराशि रू0 1000.00 है। आनलाईन निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनांक 25.02.2022 है। (16:00 बजे तक)

*कार्य की कुल मात्रा निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम एवं शर्तें ई–विविदा पोंटल पर उपलब्ध है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा।

*निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से संबंधित सूचना यदि कोई होगी तो केवल वेबसाइट पर डाली जायेगी अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेबसाइट को नियमित देखते रहना चाहिए।

अधिशासी अभियन्ता, वि0प्रे0ख0–मऊ